प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.04.2017 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने केन्द्र से केन्द्रीय योजनाओं के लिए पर्याप्त धनराशि देने का किया आग्रह।
- प्रधानमंत्री के शिमला आगमन से पहले भाजपा ने सभी 34 वार्डों में चलाया स्वच्छता अभियान।
- मण्डी ज़िले के सराज इलाके के लोग विभिन्न बुनियादी सुविधाओं को तरसे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने राज्य में केन्द्र प्रायोजित योजनाएं समयबद्ध तरीके से लागू करने के लिए केन्द्र सरकार से पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाने का आग्रह किया है। वे आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई नीति आयोग की बैठक में बोल रहे थे। वीरभद्र सिंह ने कहा कि बाढ़ प्रबंधन, त्वरित सिंचाई और राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल जैसी केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के लिए धन आबंटन में भारी कमी की गई है जिससे इन्हें पूरा करने में कठिनाई आ रही है। मुख्यमंत्री ने पर्वतीय राज्यों में कृषि क्षेत्र पर अधिक निवेश की ज़रूरत को देखते हुए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के आबंटन में वृद्धि का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के स्कूलों में जहां स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए पुरस्कार देने की योजना बनाई गई है, वहीं स्मार्ट शासन के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में बेहतर प्रयास किया जा रहा है। वीरभद्र सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जी.एस.टी. कानून को लेकर कार्यशालाओं व सैमिनारों का आयोजन किया जा रहा है।

शांडिल

सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री धनीराम शांडिल ने स्वास्थ्य विभाग को गर्मियों में जलजनित रोगों से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। सोलन अस्पताल के औचक निरीक्षण के दौरान आज उन्होंने कहा कि लोगों को विभिन्न माध्यमों से इस बारे में जागरूक किया जाए। इससे पहले सोलन शहर में जनसुनवाई के दौरान शांडिल ने कहा कि शहर में जनसंख्या के अनुरूप सुविधाओं का निर्माण किया जाना चाहिए।

जगजीवन

कांगड़ा ज़िले में सुलह क्षेत्र के बसकेहड़ में कुरल–मरहूं व डरोह पेयजल योजना का मुख्य संसदीय सचिव जगजीवन पाल ने आज लोकार्पण किया। करीब 95 लाख रूपए से बनी इस योजना से इलाके के करीब अढ़ाई हज़ार लोग लाभान्वित होंगे। जगजीवन पाल ने कहा कि कांगड़ा की 6 हज़ार एक सौ

68 बस्तियों को पूरी तरह से पेयजल सुविधा से जोड़ दिया गया है जबकि करीब 12 सौ बस्तियों में आंशिक रूप से ये सुविधा दी गई है।

सफाई अभियान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 27 अप्रैल को शिमला आगमन से पहले भाजपा ने नगर निगम के सभी 34 वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाया है। रिज मैदान पर होने वाली भाजपा की रैली के प्रभारी राजीव बिन्दल और विधायक सुरेश भारद्वाज समेत वरिष्ठ नेताओं ने विभिन्न वार्डों में सफाई कर अभियान की शुरूआत की। पार्टी प्रवक्ता महेन्द्र धर्माणी ने कहा कि अभियान के साथ–साथ शहर की जनता को रैली का निमंत्रण भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी का ये अभियान अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा। सुरेश भारद्वाज के अनुसार प्रधानमंत्री जहां भी रैली के लिए जाते हैं, वहां पार्टी ऐसे अभियान चलाती है। कल इसी कड़ी में सांसद वीरेन्द्र कश्यप ढली व मशोबरा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह–संघचालक वीर सिंह रांगड़ा टुटू, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेश ठाकुर फागली और नगर निगम के पूर्व आयुक्त एच.एन. कश्यप छोटा शिमला में स्वच्छता अभियान चलाएंगे। इस बीच प्रधानमंत्री की रैली को लेकर राजीव बिन्दल व पार्टी महासचिव चन्द्रमोहन ठाकुर के साथ कई अन्य नेताओं ने आज रिज मैदान का मुआयना किया।

रोहतांग

सर्दियों में भारी बर्फबारी से अवरूद्ध रोहतांग दर्रे पर सीमा सड़क संगठन ने बर्फ हटाने का कार्य आज पूरा कर लिया है। हालांकि राहला फाल के पास भू–स्खलन के कारण मार्ग फिलहाल अवरूद्ध है। संगठन के सटींगरी में तैनात अधिकारी मेजर विजय कुमार ने बताया कि जवानों के प्रयासों से रोहतांग दर्रे के दोनों तरफ बर्फ हटाकर सड़क को जोड़ दिया गया है। उधर विधायक रवि ठाकुर ने संगठन के जवानों के इन प्रयासों की सराहना की है।

प्रदर्शन

श्रीनगर में सेना के जवानों व अधिकारियों पर दर्ज एफ.आई.आर. के खिलाफ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने धर्मशाला में भूख हड़ताल शुरू की है। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने आज इसमें हिस्सा लिया और एफ.आई.आर. निरस्त करने की मांग की। शहीद कैप्टन सौरभ कालिया के पिता एन.के. कालिया भी इसमें शामिल हुए।

मांग

चम्बा ज़िले के किलोड़ वार्ड से ज़िला परिषद सदस्य ललित ठाकुर ने भरमौर इलाके की निर्माणाधीन होली–बजोली जल विद्युत परियोजना को ज़मीन देने के मामले की सी.बी.आई. जांच की मांग की है। राज्यपाल को लिखे एक पत्र में उन्होंने कहा कि कम्पनी को कार्य के लिए ज़मीन लीज़ पर देने के अलावा कम्पनी ने 13 बीघा ज़मीन कथित रूप से धोखे से अपने नाम कर लगभग एक हज़ार 4 सौ करोड़ रूपए का ऋण भी हासिल किया है। ललित ठाकुर ने कहा कि जांच कर सच्चाई सामने लाई जाए ताकि गरीब किसानों के साथ हुए अन्याय का खुलासा हो सके।

उड़ान

कल 24 अप्रैल को हैलीकॉप्टर की पहली उड़ान भुंतर–किलाड़–भुंतर जबकि बारिंग और तांदी डाइट हैलीपैड के यात्रियों के लिए दूसरी उड़ान भुंतर–तांदी डाइट–भुंतर के बीच भरी जाएगी। ये उड़ानें मौसम पर निर्भर करेंगी।

सराज

प्रदेश में अनेक दूरदराज़ व दुर्गम इलाके आज भी विभिन्न बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे हैं। मण्डी ज़िले में सराज का इलाका भी इनमें एक है। इस इलाके में स्वास्थ्य सुविधाएं नाममात्र हैं तो सड़कों व बस सेवाओं की स्थिति भी ठीक नहीं है।

"दुर्गम क्षेत्र गाड़ा गुशैनी सराज क्षेत्र के बाली चौकी का हिस्सा है मगर अनेक बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। स्वास्थ्य केन्द्र सफेद हाथी बना हुआ है ऐसा कहना है होली पंचायत के पूर्व प्रधान राम सरन मण्डयाल का। कमोबेश बसों, सड़क व स्कूलों की स्थिति भी बदतर है। राम सरन मण्डयाल का मानना है पर्यटन की दृष्टि से ये इलाका विकसित किया जा सकता है। निश्चित रूप से इस दुर्गम इलाके का विकास समय की मांग है जिस तरफ सरकार को प्राथमिकता के आधार पर ध्यान देना चाहिए ताकि यहां लोग बुनियादी सुविधाएं पा सकें। शिशु शर्मा शांतल, आकाशवाणी समाचार शिमला।

भूकम्प

किन्नौर ज़िले में आज सुबह भूकम्प के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3 दशमलव 8 मापी गई और भूकम्प का केन्द्र ज़मीन से नीचे 5 किलोमीटर दर्ज किया गया। समाचार एजेंसी हिन्दुस्थान समाचार के अनुसार अभी तक ज़िले के किसी भी भाग से जान व माल की हानि की कोई खबर नहीं है।

पांगी घाटी

भाजपा के पांगी मण्डल उपाध्यक्ष छतर सिंह राणा ने घाटी की अंदरूनी सड़कों पर बस सेवा जल्द शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बसें न चलने पर लोगों को किलाड़ पहुंचने के लिए टैक्सी का भारी भरकम किराया चुकाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न गांवों में रसोई गैस की भी किल्लत है। स्वयं सेवी संगठन सेवा के संयोजक प्रेम चंद शर्मा ने कहा कि साच में पटवारी के न होने से लोगों को परेशानी हो रही है। पंचायत प्रधान परसराम ने अजोग हैलीपैड के लिए हैलीकॉप्टर उड़ान जल्द कराने की मांग की है।

सम्मान

प्रदेश विश्वविद्यालय के व्यावसायिक अध्ययन संस्थान को एशियाई क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया है। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में पिछले दिनों हुए एक समारोह में संस्थान के निदेशक एस.एस. नारटा और शशि कांत शर्मा ने ये सम्मान हासिल किया। अमेरिका की एक संस्था द्वारा करवाए गए एक सर्वेक्षण के आधार पर संस्थान को ये पुरस्कार दिया गया है। ये सर्वेक्षण एशिया के 10 मुख्य देशों में ऑनलाइन करवाया गया।

विद्युत आपूर्ति

किन्नौर ज़िले में पूह उपमण्डल की रोपा वैली में पिछले करीब 25 दिनों से विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से लोग परेशान हैं। ज़िला भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष धर्म सिंह नेगी के अनुसार इससे मोबाइल नहीं चल रहे और बैंकों में भी कामकाज प्रभावित हो रहा है। उन्होंने सरकार से इलाके में विद्युत आपूर्ति जल्द बहाल करने का आग्रह किया है।

अनुराग ठाकुर

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर 25 अप्रैल को हमीरपुर ज़िले के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे ज़िले में डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र का शुभारम्भ करेंगे, जिससे 6 ज़िलों के लोग लाभान्वित होंगे। अनुराग ठाकुर जन समस्याएं भी सुनेंगे।

मौसम

राज्य की ऊंची चोटियों पर हिमपात व कुछ अन्य भागों में वर्षा का क्रम आज दूसरे दिन भी रूक–रूक कर जारी रहा। लाहौल–स्पीति और चम्बा ज़िले की ऊंची चोटियों पर ताज़ा हिमपात हुआ है जिससे इन इलाकों के तापमान में 5 डिग्री सैल्सियस तक की कमी आई है। दूसरी ओर राजधानी शिमला समेत राज्य के अन्य भागों में आज मौसम साफ रहा। हालांकि बीते 24 घंटों में मौसम के बदले मिजाज़ से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में चोटियों पर हिमपात जबकि अन्य भागों में हल्की वर्षा की संभावना जताई है।

संगीत

गैर सरकारी संस्था गुरू–शिष्य परम्परा व शास्त्रीय संगीत ने गुरू–शिष्य परम्परा जीवित रखने के लिए सोलन में दो दिवसीय संगीत सम्मेलन आयोजित किया। इस दौरान कलाकारों ने तबला, बांसुरी और सितार वादन सहित विभिन्न वाद्य यंत्रों पर शानदार प्रस्तुति से संगीत प्रेमियों को प्रभावित किया। संस्था के सचिव प्रकाश भारद्वाज ने बताया कि नई पीढ़ी को शास्त्रीय संगीत से जोड़ कर संगीत की इस विधा का संरक्षण करना ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है।